Title: Need to set up a Passport Seva Kendra in Anand Parliamentary Constituency, Gujarat.-laid

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आनंद): मेरा संसदीय क्षेत्र आणंद, प्रवासी भारतीय विदेश में पढ़ रहे छात्रों या जाब कर रहे भारतीयों का देश में सबसे बड़ा हब है । बड़ी संख्या में यहाँ से लोग देश के बाहर जॉब, बिजनेस, विदेशों में यात्रा करने आते जाते रहते हैं । इसके बावजूद भी यहाँ पासपोर्ट सेवा केंद्र की सुविधा नहीं है । आनंद सिटी के डाक घर में पासपोर्ट संबंधी आधी अधूरी सुविधा है, जिसमें 20 व्यक्ति प्रतिदिन की सीमा है और सिर्फ वहाँ पर डाक्यूमेंट ही अपलोड होते हैं जिसे विदेश मंत्रालय नहीं बल्कि डाक विभाग संचालित करता है । लेकिन यदि कोई इनक्वायरी हो तो उसके लिए वड़ोदरा या अहमदाबाद जाना पड़ता है । पासपोर्ट सेवा केंद्र होने से जहां इसकी दैनिक सीमा में बढ़ोतरी होगी वहीं पूछताछ के लिए दूर जाना भी नहीं होगा । आनंद में पासपोर्ट सेवा केंद्र होने से खेड़ा जिले के लोगों को भी नजदीक में ही सेवा केंद्र की सुविधा हो जायेगी ।

मैं माननीय विदेश मंत्री जी से आनंद को भी पासपोर्ट सेवा केंद्र की सुविधा उपलब्ध कराने का विनम्र आग्रह करता हूँ ।